

ब्रायन लारा और मैं...

एक लम्हे को सचिन तेंडुलकर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। सचिन ने अपने हैंडल पर अपनी और लारा का गोल्फ खेलते हुए वीडियो साझा किया है। इसमें दोनों साथ खड़े होकर गोल्फ खेल रहे हैं। साथ ही कॉमेंट्री भी हो रही है। सचिन ने कैप्शन दिया, ब्रायन लारा और मैं... इस बार गोल्फ कोर्स पर। इस पर लारा ने जवाब दिया, आप सभी अंदाजा लगाएं। एक गेंद बाएं गई और दूसरी दाएं। बताएं किसकी गेंद किस ओर गई है।

## क्रिकेट के बाद गोल्फ के मैदान पर जारी है सचिन और लारा का मुकाबला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ब्रायन लारा और सचिन तेंडुलकर में से कौन था बेहतर बल्लेबाज? इस सवाल का जवाब इस बात पर निर्भर करता है कि आप इन दोनों में से किसके प्रशंसक हैं। सचिन और लारा ने हमेशा एक–दूसरे का सम्मान किया। मैदान के बाहर इनकी दोस्ती भी काफी अच्छी रही। 2013 में सचिन तेंडुलकर के संन्यास लेने के बाद से कई बार दोनों को साथ वक्त बिताते हुए देखा गया है। भारत में कॉमेंट्री के दौरान लारा तेंडुलकर के मुंबई स्थित घर भी आए थे। इसके अलावा दोनों ने लंदन में साथ में विंबलडन का फाइनल भी देखा था। बीते दौर के दो सबसे संपूर्ण बल्लेबाज थे लारा और सचिन। सचिन के नाम जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन और शतक का रेकॉर्ड है वहीं लारा टेस्ट क्रिकेट में बड़ी पारियां खेलने के लिए याद किए जाएंगे। टेस्ट क्रिकेट में 400 रन की पारी खेलने का रेकॉर्ड लारा के नाम है। इसके अलावा फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने एक पारी में 501 रन भी बनाए थे। दोनों ने मैदान के बाहर भी कई यादगार लम्हे बिताए हैं।

# कोहली के फैसले का सम्मान लेकिन इससे भारत को होगा नुकसान

**क्रिकेट**

## विराट कोहली की पैटरनिटी लीव सम्मान करता हूं: जस्टिन लैंगर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने विराट कोहली के पितृत्व अवकाश लेने के फैसले की प्रशंसा की है लेकिन उन्होंने कहा कि इससे बॉर्डर–गावसकर ट्रॉफी के लिए होने वाली टेस्ट सीरीज के दौरान भारतीय टीम पर प्रभाव पड़ेगा।

कोहली एडीलेड में पहले टेस्ट मैच के बाद स्वदेश लौट जाएंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें पितृत्व अवकाश की अनुमति दे दी है। कोहली जनवरी के शुरू में अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते हैं।

लैंगर ने कहा कि वह कोहली के क्रिकेट पर परिवार को प्राथमिकता देने के विचार का सम्मान करते हैं। लैंगर ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पत्रकारों से कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में अब तक जितने खिलाड़ियों को देखा है



उनमें विराट कोहली संभवतः सर्वश्रेष्ठ हैं और इसके कई कारण हैं। मैं केवल उनकी बल्लेबाजी के कारण ही ऐसा नहीं मानता हूं बल्कि इसमें उनकी ऊर्जा, खेल के प्रति जुनून और उनका क्षेत्ररक्षण भी शामिल है।'

उन्होंने कहा, 'वह जो भी करता है उसमें जिस तरह से अपनी ऊर्जा झोंक देता है वह अविश्वसनीय है और मैं उसका बहुत सम्मान करता है। जिस तरह से उन्होंने यह फैसला (बच्चे के जन्म के लिये स्वदेश लौटना) किया उसका भी मैं बहुत सम्मान करता हूं।' लैंगर ने कहा, 'वह भी हमारी तरह इंसान है। अगर मुझे अपने किसी खिलाड़ी को सलाह देनी हो तो मैं हमेशा यही कहूंगा कि अपने पहले बच्चे के जन्म के समय जरूर उपस्थित रहें। यह आपका सबसे अच्छा काम होगा।'

कोहली मेलबर्न (26 से 30 दिसंबर) में बॉक्सिंग डे टेस्ट, सिडनी (सात से 11 जनवरी) में नए साल पर होने वाले टेस्ट और ब्रिस्बेन (15 से 19 जनवरी) में होने वाले अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। लैंगर ने कहा कि कोहली की अनुपस्थिति निश्चित तौर पर भारत को प्रभावित करेगी लेकिन इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम को ढिलायी नहीं बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर इसका (कोहली की अनुपस्थिति) प्रभाव पड़ेगा लेकिन हम यह भी जानते हैं कि भारत ने पिछली बार (2018 19) में हमें हराया था। उनकी टीम बहुत अच्छी है। हमें विराट के होने या न होने से एक सेकंड के लिए भी आत्ममुग्ध नहीं होना चाहिए।'

# कोहली की अनुपस्थिति निराशाजनक, पर भारत तब भी मजबूत : लायन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मेलबर्न। अनुभवी स्पिनर नाथन लायन का मानना है कि आगामी टेस्ट सीरीज के आखिरी तीन मैचों में विराट कोहली का न खेलना निराशाजनक होगा लेकिन इससे ऑस्ट्रेलिया बॉर्डर गावसकर ट्रॉफी जीतने का दावेदार नहीं बन जाएगा क्योंकि भारतीय टीम में कई 'सुपरस्टार' हैं। भारतीय कप्तान कोहली एडीलेड में पहले टेस्ट मैच के बाद स्वदेश लौट जाएंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें पितृत्व अवकाश की अनुमति दे दी है। कोहली जनवरी के शुरू में अपने पहले बच्चे के जन्म के समय अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ रहना चाहते हैं। टेस्ट विशेषज्ञ लायन ने कहा कि



यह बेशक निराशाजनक है कि उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक कोहली को आउट करने के सीमित अवसर मिलेंगे।

उन्होंने कहा, 'यह सीरीज के लिए निराशाजनक है। आप विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना चाहते हो। मेरा मानना है कि वह स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के साथ अभी विश्व का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। यह निराशाजनक है लेकिन तब भी उनके पास सुपरस्टार हैं।'

लायन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, 'उनकी टीम में चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे जैसे शीर्ष बल्लेबाज और कुछ अच्छे युवा खिलाड़ी हैं। यह हमारे लिए तब भी बहुत बड़ी चुनौती होगी।'

उन्होंने कहा, 'विराट नहीं खेल रहे हैं इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा ट्रॉफी (ज्मेज जतवचील) जीतना सुनिश्चित हो गया है। हमें तब भी कड़ी मेहनत करनी होगी।'

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को तोक्यो ओलिंपिक में दर्शकों के रहने की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाने। कोरोना वायरस वैक्सीन बनाने की दिशा में इस सप्ताह हुई प्रगति और जापान में खेल आयोजनों से उत्साहित अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने उम्मीद जताई है कि अगले साल तोक्यो ओलिंपिक में स्पर्धाओं के दौरान दर्शक स्टेडियम में मौजूद होंगे। इस साल कोरोना महामारी के कारण स्थगित हुए ओलिंपिक अगले साल 23 जुलाई से होंगे। फाइजर कंपनी ने अपनी वैक्सीन के शुरुआती ट्रायल में 90 प्रतिशत असरदार होने का दावा किया है। इसके अलावा जापान ने पिछले रविवार को अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक स्पर्धा का सफल आयोजन किया। आईओसी अध्यक्ष थॉमस बाक ने कहा, 'इन घटनाओं को देखकर हमें विश्वास हो चला है कि ओलिंपिक स्थानों पर अच्छी संख्या में दर्शक आ सकेंगे।' यह पूछने पर कि क्या आईओसी ओलिंपिक प्रतिभागियों के लिए वैक्सीन डोज खरीदेगी, बाक ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन और कई निर्माताओं से संपर्क जारी है। उन्होंने कहा,'वैक्सीन सबसे पहले उन लोगों को दी जानी चाहिए जो अधिक जोखिम पर है–जैसे नर्स, डॉक्टर और सारे कोरोना योद्धा जिन्होंने हमें जीवित रखा है।'

## न्यूज डायरी




### इशान किशन ने आईपीएल में किया धमाल, टीम इंडिया के लिए मजबूत किया दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** झारखंड। झारखंड के इस युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ने मौकों का भरपूर फायदा उठाया। पूरे सीजन में किशन ने 516 रन बनाए। वह मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। किशन का यह सीजन शानदार रहा और अब वह भारतीय टीम में जगह बनाने के काफी करीब पहुंच चुके हैं। इंडियन प्रीमियर लीग 2020 में इशान किशन ने कुल 30 छक्के लगाए। इस लिस्ट में वह इस साल सबसे ऊपर रहे। लेकिन इसमें एक शॉट जो लंबे समय तक याद किया जाएगा वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले क्वॉलिफायर में एनरिच नॉर्त्जे के खिलाफ लगाया गया शॉट। झारखंड के इस बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज ने वाइट फुल टॉस को एक्स्ट्रा कवर के ऊपर सीमा रेखा के पार भेजा था। टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज और हाल ही में राष्ट्रीय चयनकर्ता के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त करने वाले जतिन परांजपे ने इशान किशन की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, श्वह कई बार मुझे वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज रॉय फेड्रिक्स की याद दिलाते हैं, जो शानदार हुक शॉट लगाया करते थे।

### हरभजन सिंह ने सूर्यकुमार यादव को कहा भारत का एबी डि विलियर्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर अपना पांचवां आईपीएल खिताब जीता। उनकी इस जीत में बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का अहम रोल रहा। यादव ने 16 मैचों में 480 रन बनाए। उनका बल्लेबाजी औसत 40 से ऊपर रहा और स्ट्राइक रेट 145.01 का। वह एक से ज्यादा मौकों पर मुंबई के लिए मैच–विनर रहे। इसके बाद कई लोगों ने यह सवाल पूछा कि आखिर ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए उन्हें टीम में शामिल क्यों नहीं किया गया। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने ट्विटर भी यह सवाल पूछा था कि आखिर सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया जाने वाली भारतीय टीम का हिस्सा क्यों नहीं हैं। हाल ही में हरभजन सिंह ने मुंबई के इस बल्लेबाज की तुलना एबी डि विलियर्स से की। आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में हरभजन ने सूर्यकुमार यादव को भारत का एबी डि विलियर्स कहा।

### भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम में खतरनाक विल पुकोवस्की की एंट्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान किया गया। इस 17 सदस्यीय टीम में विल पुकोवस्की (प्रसस च्नबवअेाप) नाम के खिलाड़ी को शामिल किया गया है। यह ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा दांव माना जा रहा है। दरअसल, यही वह खिलाड़ी है, जिसने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में दो दोहरे शतक जड़े हैं। शेफील्ड शील्ड में दो मैचों में लगातार दो दोहरे शतक बनाए थे। उन्होंने विक्टोरिया की ओर से खेलते हुए दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 255 रन, जबकि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 202 रन की पारी खेली थी। रिपोर्ट्स की मानें तो यह 22 वर्षीय बल्लेबाज डेविड वॉर्नर के साथ पारी का आगाज कर सकता है। बता दें कि दो दोहरे शतक जड़ने वाले इस खिलाड़ी को टीम में शामिल करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ियों ने वकालत की थी।

### क्रुणाल पंड्या पर अवैध सोना और कीमती सामान लाने का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय क्रिकेटर क्रुणाल पंड्या को यूएई से अवैध सोना लाने के आरोप में मुंबई एयरपोर्ट पर रोका किया गया। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलीजेंस के हवाले से बताया कि क्रुणाल को मुंबई एयरपोर्ट पर रोका गया। उन पर बिना जानकारी दिए तय सीमा से ज्यादा सोना और अन्य कीमती सामान लाने का आरोप था। पंड्या को जब यह बताया गया कि उनके पास तय मात्रा से अधिक सोना है तो उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की और कहा कि उन्हें नियमों की जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए माफी मांगी और इसके लिए पेनल्टी भी दी।